सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-256, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 27 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## SCHOOLING + COMPETITION @ MOTION ACADEMY

(Board, NTSE & Olympiad) (IIT-JEE & NEET, AIIMS) (Quality Education with Affordable Fees)

### आईआईटीअन व डॉक्टर फैकल्टी सिर्फ मोशन अकेडमी आगरा में



| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Er. DEEPAK SHARMA | Er. DAVESH CHAUBEY | Mr. BRIJESH GUPTA | Er. PRAVEEN SHARMA | Er. ADITYA SINGH | Dr. NISHU TALIYAN | Er. CHARUL SHARMA | Er. SUNIL BHARADWAJ | Dr. POONAM BANSAL | Er. ALOK RANJAN |
| Math Faculty | Physics Faculty | Chemistry Faculty | Physics Faculty | Math Faculty | Biology Faculty | Physics Faculty | Chemistry Faculty | Biology Faculty | Physics Faculty |
| (B.Tech) | (B.Tech, M.Tech) | (M.Sc) | (B.Tech) | (B.Tech) | (M.Sc, PhD) | (B.Tech) | (B.Tech) | (M.B.B.S) | (B.Tech) |
| (IIT-BHU) | (IIT-KANPUR) | (IIT-GUWAHATI) | (IIT-KHARAGPUR) | (IIT-ROORKEE) | (D.U. UNIVERSITY) | (IIT-DELHI) | (IIT-GUWAHATI) | (MANIPAL UNIVERSITY) | (IIT-GUWAHATI) |

### आईआईटी-जेईई व नीट परीक्षा में सर्वाधिक सलैक्शन व टॉप रैंक सिर्फ मोशन अकेडमी से

**HELPLINE : 9719905151**




**210** Selections in JEE-Advanced in Last 6 Years

**280** Selections in NEET EXAM in Last 6 Years

**357** Selections in JEE-Main in Last 6 Years

MOTION ACADEMY®
IIT-JEE | Foundations | NEET

**AGRA M.G. ROAD BRANCH**
Behind Tanishq Jewellers, Opp. Anjana Cinema, Near Dr. R.S. Gill, M.G Road, Agra Ph: 9719705151

**TAJ NAGARI BRANCH**
Nehru Enclave Chauraha, 100 Futa Road, Opposite SBI Bank & Church, Near Public Welfare Hospital, Taj Nagari, Indra-Puram, Rajpur Agra, Ph: 9997263131

(Hostel & Bus Transport Facility Available)

# चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से

## इस बार रील बनाने वालों की नो एंट्री, वीआईपी दर्शन भी नहीं होंगे



**देहरादून।** उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में इस बार वीडियो रील बनाने वालों और यूट्यूबर्स की एंट्री रोकने की तैयारी है। केदारनाथ-बद्रीनाथ पंडा समाज ने तय किया है कि इस बार मंदिर परिसर में इन्हें नहीं आने देंगे। यदि कोई ऐसा करता मिला तो बिना दर्शन उसे लौटा दिया जाएगा। इस बारे में प्रशासन को भी बता दिया गया है।

केदारनाथ सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने भास्कर को बताया कि पिछले साल रील बनाने वालों के चलते काफी अव्यवस्था फैली थी। समुद्र तल से 12 हजार फीट ऊपर केदारनाथ धाम में ढोल नगाड़ों का शोर सिर्फ रील बनाने के लिए किया गया था। यात्रा शुरू होने के बाद 10 से 12 दिन तक पूरी शिवालिक पर्वतमाला में यह शोर गूंजता रहा। यहां की प्रकृति के लिए यह शोर ठीक नहीं है। इसलिए इस बार कैमरा ऑन भी नहीं करने देंगे।

इसी तरह, पैसे देकर श्व्द दर्शन की व्यवस्था भी धामों पर बंद रहेगी। बद्रीनाथ धाम के पंडा पंचायत के कोषाध्यक्ष अशोक टोडरिया ने कहा है कि पैसे लेकर दर्शन करवाना भगवान की मर्यादा के खिलाफ है।

इस साल 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) से चार धाम यात्रा की शुरूआत होगी। इसी दिन सबसे पहले मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। इसके बाद 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।

आखिर में 4 मई को विधि-विधान से भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही पूर्ण रूप से चार धाम यात्रा की शुरूआत हो जाएगी।

चारधाम यात्रा के दौरान खराब मौसम व विपरीत हालात में यात्रियों को रोकने के लिए 10 जगहों पर होल्डिंग स्थल बनाए जा रहे हैं। यह स्थल हरिद्वार,ऋषिकेश, ब्यासी, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग, हरबटपुर, विकासनगर, बड़कोट और भटवाड़ी में होंगे। यहां पानी, शौचालय, रात बिताने के लिए बिस्तर, दवाएं और खाने की इमरजेंसी व्यवस्था रहेगी।

पूरे यात्रा मार्ग को 10-10 किलोमीटर के सेक्टरों में बांटा है। हर सेक्टर में 6 पुलिसकर्मी होंगे।

### अब तक 9 लाख रजिस्ट्रेशन


इस बार यात्रा के लिए बीते 6 दिन में 9 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। सबसे ज्यादा पौने तीन लाख श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। फिर बद्रीनाथ में 2.24 लाख, यमुनोत्री के लिए 1.34 लाख, गंगोत्री के लिए 1.38 लाख व हेमकुंड साहिब के लिए 8 हजार श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे।

### यात्रा शुरू होने पर ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होगा

पर्यटन विकास परिषद रजिस्ट्रेशन के लिए वेबसाइट के अलावा मोबाइल नंबर, वॉट्सएप और टोल फ्री नंबर भी जारी करेगा। इस पर कॉल कर आप अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यात्रा शुरू होने के बाद हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी शुरू होगी। जो श्रद्धालु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं कर सकते, वह ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर यात्रा पर जा सकेंगे। चारों धामों में यात्रियों को दर्शन के लिए भी टोकन व्यवस्था लागू होगी।

**सीएम योगी का निर्देश**

# गर्मी की छुट्टी के दौरान भी खुलेंगे स्कूल, लगेंगे समर कैंप



**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के लिए अब गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप लगाए जाएंगे। इनमें बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के साथ ही अतिरिक्त गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। समर कैंप 20 मई से 15 जून के बीच चयनित विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हुए सीखने के लिए प्रेरित करना है। विभाग इस पर लगभग 200 करोड़ खर्च करेगा। यह पहल न सिर्फ बच्चों के शैक्षिक विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने में भी मददगार साबित होगी।

अब तक इस तरह की कवायद सिर्फ निजी विद्यालयों में ही होती है। विभाग के अनुसार कैंप में फाउंडेशनल लिट्रेसी और न्यूमेरेसी (एफएलएन) पर आधारित गतिविधियां होंगी। जीवन कौशल, व्यक्तित्व विकास, योग, खेलकूद, विज्ञान-तकनीक आधारित प्रयोग, कला-सांस्कृतिक कार्यक्रम और पर्यावरण के प्रति उन्हें जागरूक बनाया जाएगा। कैंप सुबह डेढ़ घंटे तक ही आयोजित किए जाएंगे। शिक्षामित्र, अनुदेशक और शिक्षकों की देखरेख में कैंप का संचालन होगा। कैंप में बच्चों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन के तहत गुड़ की चिक्की, बाजरे का लड्डू, रामदाना लड्डू, गुड़-चना और लैया पट्टी जैसी पौष्टिक खानपान की चीजें भी दी जाएंगी।

**शिक्षकों-कर्मचारियों का ईद से पहले करें वेतन का भुगतान**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि शिक्षक-कर्मचारियों को ईद के पहले वेतन भुगतान किया जाए। साथ ही 31 मार्च को ईद को देखते हुए बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य बंद किया जाए।

# नवरात्रि और ईद को लेकर रेलवे यात्रियों के लिए खास इंतजाम

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते नवरात्रि और ईद के खास मौके पर राजधानी दिल्ली से रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इस मौके पर रेलवे एक्स्ट्रा जनरल स्पेशल ट्रेनें और प्रीमियम ट्रेनों का संचालन करेगा। इन ट्रेनों का संचालन उन रूट्स पर किया जाएगा, जहां ट्रेन अधिक देरी से चल रही हो या यात्री संख्या अधिक हो और ट्रेनों में भीड़ बढ़ने की संभावना हो। रेलवे ने जनरल स्पेशल और प्रीमियम ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई है। दरअसल, पिछले वीकेंड में कुछ ट्रेनों के विलंब होने के कारण प्लेटफॉर्म्स पर अधिक भीड़ देखने को मिली थी, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। ऐसी स्थिति से बचने के लिए रेलवे ने त्योहारों के मद्देनजर इस वीकेंड स्पेशल ट्रेनों और प्रीमियम ट्रेनों के संचालन का फैसला लिया।

# लखनऊ के अनाथालय में फूड प्वाइजनिंग से कोहराम, 2 बच्चों की मौत

**लखनऊ।** राजधानी में बड़ी घटना घटित हुई है। यहां मानसिक रूप से मंदित बच्चों के एक अनाथालय में फूड प्वाइजनिंग का बड़ा मामला सामने आया है। फूड प्वाइजनिंग के कारण दो बच्चों की मौत भी हो गई है। इसके अलावा अनाथालय के 16 बच्चे अभी भी अस्पताल में हैं। इन बच्चों की हालत नॉर्मल बताई जा रही है। आइए जानते हैं इस पूरी घटना के बारे में विस्तार से। दरअसल, अनाथालय फूड प्वाइजनिंग का ये मामला 23 मार्च की रात को सामने आया है। 4 दिन पहले संस्थान में खाना खाने से लगभग 25 बच्चे बीमार हुए थे। इनमें से 2 बच्चों की जान चली गई है। जानकारी के मुताबिक, 16 बच्चे अभी भी अस्पताल में है। इन सभी की हालत स्टेबल बताई जा रही है।



राजकीय बालगिर निर्माण निर्वाण संस्थान के कर्मचारी ने भी इस घटना के बारे में बात की है। कर्मचारी ने बताया है कि बच्चों को उल्टी और पेट दर्द के कारण भर्ती किया गया था। इस दौरान संस्थान में 146 बच्चे मौजूद थे। लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में 2 बच्चो की डेथ हुई है। वहीं, अन्य बच्चे जो कि अस्पताल में भर्ची हैं उनकी हालत स्थिर है। जानकारी के मुताबिक, लखनऊ में मानसिक रूप से मंदित बच्चों के एक अनाथालय में खाने में खींचड़ी और दही खाने के बाद बच्चे बीमार हुए हैं।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# डोनाल्ड ट्रम्प ने इम्पोर्टेड कार पर 25% टैरिफ का किया ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आयातित (इम्पोर्टेड) कारों और ऑटो पार्ट्स पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। ओवल ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम में ट्रम्प ने कहा कि हम आज एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, जिससे ऑटोमोबाइल उद्योग में जबरदस्त वृद्धि होगी। हम जो करने जा रहे हैं, वह उन सभी कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाना है जो संयुक्त राज्य अमेरिका में नहीं बनी हैं। अगर वे संयुक्त राज्य अमेरिका में बनी हैं, तो उन पर बिल्कुल भी टैरिफ नहीं लगेगा।



खबर के मुताबिक, यह अतिरिक्त टैरिफ 3 अप्रैल से लागू हो जाएगा। आशंका है कि इससे ऑटोमेकर्स को बढ़ती लागत और कम बिक्री का सामना करना पड़ सकता है। माना जा रहा है कि इस फैसले से मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण कोरिया, जापान और जर्मनी जैसे प्रमुख व्यापारिक साझेदार और सहयोगी प्रभावित होंगे। पिछले साल अमेरिका ने करीब 8 मिलियन कारें और हल्के ट्रक आयात किए, जिनकी कीमत 244 अरब डॉलर थी। इसमें मेक्सिको, जापान और दक्षिण कोरिया सबसे बड़े सोर्स थे। ऑटो पार्ट्स का आयात कुल 197 अरब डॉलर से अधिक था, जो मुख्य रूप से मेक्सिको, कनाडा और चीन से आया था।

**भड़का कनाडा, बता दिया 'सीधा हमला'**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने ऑटो आयात पर अमेरिका के 25 फीसदी टैरिफ को अपने देश पर सीधा हमला बताया और कहा कि यह ना केवल कनाडा बल्कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह टैरिफ वॉर ना केवल कनाडा, बल्कि खुद अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के उपभोक्ताओं को भरोसा कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर है।

यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने ट्रंप के नवीनतम टैरिफ फैसले पर खेद व्यक्त किया और कहा कि इसके आर्थिक प्रभाव का आकलन किया जाएगा। उन्होंने एक बयान में कहा, टैरिफ कर हैं- यह व्यवसायों के लिए बुरे हैं, उपभोक्ताओं के लिए समान रूप से बदतर हैं।₹ उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ ₹अपने आर्थिक हितों की रक्षा करते हुए बातचीत के जरिए समाधान तलाशना जारी रखेगा।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNi
हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

03

गुरुवार, 27 मार्च, 2025 www.nnindianews.com

# 283 चिकित्सा अधिकारियों को सीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** राजधानी में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग के 283 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनका चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा किया गया है। लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ वर्ष में साढ़े आठ लाख नौकरी दी गई हैं। ये पूरी तरह से सूचितापूर्ण हैं, अन्यथा मामला कोर्ट में हुआ। 163 चिकित्सकों, तीन प्रोफेसर, 96 लैब टेक्नीशियन को पत्र दिया जा रहा है। इसके लिए आयोग को भी बधाई। जिन्हें नियुक्ति पत्र मिल रहा है, उन्हें बधाई।

उन्होंने कहा कि किसी भी युवा के लिए शासकीय नौकरी मिलना उसके सपने को उड़ान देने जैसा है। अभिभावकों, मित्रों ने जो सपना देखा वह पूरा हो रहा है। आठ वर्ष पहले यही आयोग भर्ती बोर्ड की क्या स्थिति थी किसी से छिपा नहीं है। अनेक याचिका लंबित थीं। हाईकोर्ट ने भी सरकार के कामकाज पर सवाल उठाया था।

## लोकतंत्र के लिए खतरनाक समयः संजय राउत

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने आज विपक्ष के नेता राहुल गांधी को संसद में बोलने की कथित अनुमति न देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की आलोचना की। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक समय करार दिया। एएनआई से बात करते हुए संजय राउत ने कहा, 'राहुल गांधी लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष हैं। अगर ऐसे नेता को स्पीकर संसद के अंदर बोलने की अनुमति नहीं देते हैं, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक समय नहीं तो और क्या है। अगर आपको विपक्ष को चुप कराना है तो आप संसद क्यों चला रहे हैं?'

# कठुआ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कठुआ में कुछ आतंकवादियों के देखे जाने के बाद गोलीबारी हुई। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। वहीं एक पुलिस कर्मी घायल हो गया है। सेना, एसओजी और सीआरपीएफ ने रात से बिलावर और कठुआ के राजबाग थानाक्षेत्र में घुसपैठ कर पहाड़ों को जाने वाले रूट पर सर्च ऑपरेशन चलाया था। बीते दिन हीरानगर के सन्याल गांव के पास जंगलों में आतंकियों की तलाश में घेराबंदी की। डीजीपी नलिन प्रभात ऑपरेशन के दौरान लगातार मोर्चे पर डटे रहे। बुधवार को डीजीपी ने पुलिस अफसरों और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर



आतंकवादियों पर नकेल कसने की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, आतंकियों को ढूंढो और उनका खात्मा करो।अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे सांबा और कठुआ जिले के थानों के प्रभारियों के साथ पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने हीरानगर पुलिस थाने में बुधवार शाम खास बैठक की। इसमें लखनपुर से लेकर विजयपुर तक के थाना प्रभारियों, अफसरों के साथ ही एसओजी के अफसर शामिल हुए।

# चार बच्चों की हत्या कर पिता ने दी जान

## शाहजहांपुर में सनसनीखेज घटना



**शाहजहांपुर।** जिले में एक सनसनीखेज वारदात में युवक ने धारदार हथियार से अपने चार बच्चों का गला रेतने के बाद फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में युवक के मानसिक रूप से परेशान होने की बात सामने आ रही है।

रोजा थाना क्षेत्र के मानपुर चचरी गांव में राजीव कठेरिया (36 वर्ष) अपनी पत्नी कांति देवी और बेटी स्मृति (13 वर्ष), कीर्ति (9 वर्ष), प्रगति (सात वर्ष) और बेटे ऋषभ (पांच वर्ष) के साथ रहता था। कांति देवी बुधवार को गांव करतोली स्थित अपने मायके चली गईं थीं। घर में राजीव और चारों बच्चे थे। राजीव के घर के बगल में रह रहे उसके पिता पृथ्वीराज ने आज सुबह पोते को चाय पीने के लिए बुलाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद जब कोई बाहर नहीं निकला तो उन्होंने घर के अंदर झांककर देखा। अंदर का मंजर देखकर उनकी चीख निकल गई। उनकी रूह कांप गई।

चारों बच्चों के गले धारदार हथियार से रेत दिए गए थे। अंदर राजीव साड़ी के फंदे से कुंडे से लटका हुआ था। वे चिल्लाते हुए बाहर आए तो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर एसपी राजेश द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पिता पृथ्वीराज ने बताया कि राजीव के साथ एक साल पहले हादसा हो गया था।



# सांगा पर संग्राम

## सीएम के शहर में रहते कानून व्यवस्था ध्वस्त



एनएनआई

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर करणी सेना ने हमला किया। लाठी, डंडों से लैस हमलावरों ने सांसद आवास पर जमकर पथराव किया। शीशे चकनाचूर कर दिए। कुर्सियां और बाहर खड़ीं सांसद सहित कई नेताओं की छह से अधिक गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। पुलिस ने लाठियां भांजकर कुछ हमलावरों को हिरासत में ले लिया। इस मामले में एक केस सपा सांसद के बेटे रणजीत सुमन की ओर से दर्ज कराया गया है, तो वहीं दूसरा मुकदमा पुलिस ने दर्ज कराया है।

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के सदन में राणा सांगा पर दिए गए बयान पर बुधवार को बवाल हो गया। करणी सेना के सैकड़ों कार्यकर्ता कुबेरपुर से बुलडोजर, गाड़ियों और बाइकों पर सांसद के आवास पर पहुंच गए।

पुलिस ने कई जगह रोकने की कोशिश की। लेकिन, वह बैरियर तोड़कर आगे बढ़ते रहे। संजय प्लेस स्थित एडीए के एचआईजी फ्लैट्स स्थित सुमन के आवास पर पहुंचकर कॉलोनी का गेट तोड़ने की कोशिश की। लाठी, डंडों से लैस हमलावरों ने सांसद आवास पर जमकर पथराव किया। शीशे चकनाचूर कर दिए। कुर्सियां और बाहर खड़ीं सांसद सहित कई नेताओं की छह से अधिक गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले। पुलिस ने लाठियां भांजकर कुछ हमलावरों को हिरासत में ले लिया।

बताया गया है कि जब ये हमला हुआ तब सांसद के पुत्र पूर्व विधायक रणजीत सुमन घर के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठे हुए थे। रणजीत सुमन ने बताया कि घर में पत्नी और दो बेटे थे।

पिता दिल्ली में गए थे। उपद्रवी अचानक आए। वह तोड़फोड़ और पथराव करने लगे। यह देखकर सभी दहशत में आ गए। पुलिस भी उन्हें नहीं रोक पा रही थी। इस वजह से काफी देर तक परिवार सहमा रहा। वह लोग घर के बाहर नहीं आए। उन्होंने खुद को भी किसी तरह बचाया।

## करणी सेना ने सपा सांसद के घर पर किया हमला, तोड़फोड़



### आगरा में सपा के साथ खड़ी हुई कांग्रेस

सपा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर करणी सेना के हमले व तोड़फोड़ के बाद कांग्रेस भी अब सपा के साथ खड़ी हो गई है। कांग्रेस का कहना है कि एक दलित के घर पर हमला किया गया। इधर सपा नेता शिवपाल सिंह यादव भी आज आगरा में हैं। सपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा सुबह से ही यहां जुट गया है।

## ईद के बाद बड़ा आंदोलन करेंगे: रामगोपाल यादव

एनएनआई

**आगरा।** राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर करण सेना के हमले, तोड़फोड़ और उपद्रव के बाद अब सपा नेताओं का एकजुट होना शुरू हो गया है। गुरुवार को सपा के राष्ट्रपति महासचिव रामगोपाल यादव आगरा पहुंचे और वे सीधे रामजीलाल सुमन के घर पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार के लोगों से मुलाकात की। रामगोपाल यादव ने ऐलान किया कि ईद के त्योहार के बाद सपा बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि करणी सेना से पुलिस और प्रशासन मिला हुआ है। दो दिन पहले ही करणी सेना ने ऐलान किया था लेकिन पुलिस प्रशासन ने इसको गंभीरता से नहीं लिया।

इस हमले में पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हैं। रामगोपाल यादव ने कहा कि सीएम के रहते यह उपद्रव कानून व्यवस्था की पोल खोलता है। रामगोपाल यादव ने कहा कि करणी सेना के लोगां के साथ ही पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्रीदयाराम प्रजापति, जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा, वाजिद निसार, सुरेंद्र चौधरी, पवन प्रजापति जिला मीडिया प्रभारी, विनय अग्रवाल, धर्मेन्द्र यादव, शालिम शाह मौजूद रहे



### सांसद सुमन राज्यसभा के सभापति से मिलेंगे

राज्यसभा में राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी के मामले में सांसद रामजीलाल सुमन बृहस्पतिवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिलेंगे। इस मामले के तूल पकड़ने से सुमन खिन्न हैं। जिस वक्त उन्होंने वक्तव्य दिया उस वक्त सदन को उपसभापति संभाल रहे थे।

### विरोध का ये तरीका अस्वीकार्य

सपा के महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार ने कहा कि जिस तरह से सांसद के घर पर विरोध के नाम पर तोड़फोड़ की गई, यह लोकतंत्र में बिल्कुल भी उचित नहीं है। इस घटना के बाद से सांसद के परिवार के लोग दहशत में हैं।

### हमलावरों का दुस्साहस, पुलिस फेल

सपा नेता नितिन कोहली का कहना है कि मुख्यमंत्री के शहर में होते हुए सड़कों पर ढोल ताशे बजाकर हमलावरों ने एक सांसद के घर पर हमला बोला। इससे ज्यादा दुस्साहस और गुंडागर्दी क्या हो सकती है। पुलिस का रवैया ऐसा कि घंटों बाद भी साक्ष्य संकलित नहीं किए।

### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

## ग्वालियर हाइवे: टैंपों पर पलटते-पलटते बचा ट्रक

एनएनआई

**आगरा।** ग्वालियर हाईवे पर नगला माकरोल स्थित नवभारत हॉस्पिटल के पास एक बड़ा हादसा टल गया। हाईवे पर बने गड्ढों और जलभराव की वजह से यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

रात करीब 9:30 बजे की घटना है। करौली से केला मैया के दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं का टेंपो एक गड्ढे में फंस गया। लोग टेंपो को धक्का देकर निकालने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान ग्वालियर की तरफ से आ रहा एक मिनी ट्रक भी जलभराव वाले गड्ढे में फंस गया। ट्रक टेंपो पर पलटते-पलटते बचा। टेंपो में एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु सवार थे। सेमरी ताल के रहने वाले ईश्वरी प्रसाद ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ करौली से लौट रहे थे। ट्रक चालक आमिर खान ने बताया कि वह महाराष्ट्र से गाजियाबाद सब्जी मंडी जा रहे थे। गड्ढा गहरा होने की वजह से दिखाई नहीं दिया। स्थानीय निवासी जिनेश शर्मा और शेर सिंह के मुताबिकहाईवे पर गड्ढों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्र के निवासियों ऋषि कुमार, वीरेंद्र कुमार, रामू चौधरी, शेर सिंह प्रधान और श्याम फौजदार ने सड़क के किनारे नाले के निर्माण की मांग की है।



सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNi हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

05

गुरुवार, 27 मार्च, 2025 www.nnindianews.com

# हाथरस यौन शोषण में 7 छात्राओं की पहचान, बयान को तैयार नहीं

**हाथरस** एनएनआई। प्रोफेसर यौन शोषण मामले में पुलिस ने 7 पीड़ित छात्राओं की पहचान की है। हालांकि कोई भी छात्रा पुलिस के सामने बयान देने के लिए तैयार नहीं है। परिजन भी डर और बदनामी की वजह से जुबान नहीं खोल रहे। कोर्ट में गवाही तो बहुत दूर की बात है।

पुलिस का कहना है कि लाख कोशिशों के बावजूद कोई भी पीड़िता बयान देने को तैयार नहीं। अब पुलिस इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर ही अपनी जांच आगे बढ़ा रही है।

प्रशासन की 4 सदस्यीय जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में प्रोफेसर को यौन शोषण का दोषी माना है। जांच में लड़कियों से छेड़छाड़ और रेप की बात सामने आई है। स्कूल प्रबंधक ने प्रोफेसर की बर्खास्तगी के लिए विभाग को पत्र लिखा है। पुलिस प्रोफेसर को रिमांड पर लेने के लिए एक-दो दिन में आवेदन करेगी। पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम शर्मा ने कहा- पुलिस द्वारा जुटाए गए सबूत जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन केस तब ही मजबूत बनेगा, जब पीड़ित छात्राएं गवाह के रूप में सामने आएंगी।



केस में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को भी शामिल किया गया है। इसलिए केस तो चलेगा, लेकिन जब तक कोई पीड़िता सामने नहीं आएगी, तब तक केस मजबूत नहीं होगा। 6 मार्च को एक छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा। साथ ही फोटो-वीडियो भी भेजे थे। छात्रा के पत्र का महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। इसके बाद हाथरस गेट कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और प्रोफेसर को पूछताछ के लिए बुलाया। उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया, लेकिन उसने पहले ही वीडियो-फोटो डिलीट कर दिए थे। पुलिस ने मोबाइल का डेटा रिकवर कराया, तो 65 अश्लील वीडियो मिले। इसके बाद 13 मार्च को दरोगा सुनील कुमार ने थाने में खुद शिकायत दर्ज कराई, लेकिन जब तक पुलिस आरोपी को पकड़ती, तब तक वह फरार हो गया।

# फर्जीवाड़े में फंसी यूनिवर्सिटी अब कार्रवाई की तैयारी

एनएनआई

**शिकोहाबाद।** जेएस यूनिवर्सिटी पुलिस प्रशासन के नोटिसों को लगातार दरकिनार कर रही है। पहले नोटिस का आधा-अधूरा जवाब देने के बाद बीटेक-पॉलीटेक्निक के नोटिस का भी अब तक यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस प्रशासन को जवाब नहीं दिया है। इससे पुलिस प्रशासन की परेशानी भी और बढ़ गई है। ऐसे में शिकोहाबाद पुलिस नोटिस का जवाब न मिलने पर आगे की कार्रवाई करने का दावा कर रही है।

जेएस यूनिवर्सिटी के दिन-प्रतिदिन मुश्किलें बढ़ रही हैं। गोरखपुर पुलिस यूनिवर्सिटी से डिग्रियों की जांच करने के बाद अब जयपुर रवाना होगी। जहां जेल में बंद यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सुकेश यादव एवं रजिस्ट्रार नंदन मिश्रा के बारे में एसओजी से भी जानकारी जुटाएगी। गोरखपुर पुलिस का दावा है कि हम जयपुर में जेल में बंद कुलाधिपति एवं रजिस्ट्रार से भी इन डिग्रियों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास करेंगे।

गोरखपुर में भी फर्जी डिग्रियां पकड़ी गई थीं। इनमें से चार डिग्रियां जेएस यूनिवर्सिटी की बताई गईं थीं। इस मामले की छानबीन करने के लिए शिकोहाबाद आए खोराबार पुलिस के उप निरीक्षक शिवम यादव ने बताया कि अभी यूनिवर्सिटी में गोरखपुर में पकड़ी गई डिग्रियों की जांच की जाएगी। इसके बाद गोरखपुर पुलिस जयपुर रवाना होगी। एक टीम गोरखपुर जाएगी। जहां एसओजी जयपुर से पूरे प्रकरण की जानकारी जुटाई जाएगी। साथ ही गोरखपुर पुलिस का यह भी दावा है कि उनकी टीम जयपुर जेल में बंद कुलाधिपति एवं रजिस्ट्रार से पूछताछ के लिए न्यायालय में अपील करते हुए प्रयास करेगी। फिरोजाबाद के एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया ने बताया कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अब तक हमारे नोटिस का जवाब नहीं दिया है। हम यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक अधिकारियों एवं यूनिवर्सिटी के दलालों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## पीएचडी डिग्री की जांच ठंडे बस्ते में

आगरा में जेएस यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री पकड़े जाने के बाद एसटीएफ आगरा अलर्ट हो गई थी। वहीं जिलाधिकारी फिरोजाबाद ने भी यूनिवर्सिटी में पीएचडी की डिग्री की जांच की बात कही थी। अब तक जिला प्रशासन इसे पूरा नहीं कर सका है। कुछ दिनों पूर्व ही आगरा में एसटीएफ ने शाहगंज इलाके से आरोपी धनेश मिश्रा को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से जेएस यूनिवर्सिटी समेत तमाम अन्य यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्रियां बरामद हुई थीं। इसके बाद डीएम रमेश रंजन ने जेएस यूनिवर्सिटी में पीएचडी डिग्रियों की जांच की भी बात कही थी।

# छेड़छाड़ का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, पैर में लगी गोली



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में पुलिस ने एक छेड़छाड़ के आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपी जीशान अली को पुलिस की गोली लगी है। वह अस्पताल में भर्ती है।

घटना की शिकायत एक व्यक्ति ने की थी। उसकी पुत्री के साथ जीशान अली कॉलेज आते-जाते समय छेड़छाड़ करता था। शिकायत करने पर आरोपी ने युवती की कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मारने की धमकी दी थी। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाई थीं। मुखबिर से सूचना मिली कि जीशान दिखतौली नहर पुल के पास मौजूद है। पुलिस ने जब उसे रोकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। घेराबंदी के दौरान उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तारी में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार, उप निरीक्षक चमन कुमार शर्मा, विजय गोस्वामी, नवीन कुमार और राजकुमार की टीम शामिल थी।

# तीन आरोपियों को 5-5 साल की कैद

एनएनआई

**हाथरस।** जमीन विवाद को लेकर हुए हमले के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। आरोपियों को 5-5 साल की कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। मामला 5 नवंबर 2009 का है। शाहपुर कलां के अमर सिंह का गांव के ही लालाराम से जमीन विवाद चल रहा था।

अमर सिंह जब अपने परिवार के साथ खेत में पानी लगा रहे थे, तब लालाराम अपने बेटे रघुवीर, चोब सिंह और कोमल के साथ वहां पहुंचे। उनके हाथों में लाठी, डंडे और तलवार थी। आरोपियों ने अमर सिंह और उनके परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में अमर सिंह, उनका भतीजा ओमप्रकाश, प्रेमपाल, भतीजी विमलेश और भाई गंभीर रूप से घायल हुए। पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया और मामला दर्ज किया।

# मथुरा में छुट्टी पर आए सिपाही ने की आत्महत्या, जालौन में तैनात था

एनएनआई

**मथुरा।** बलदेव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जालौन थाने में पीआरवी पर तैनात सिपाही तेजवीर उर्फ तेजा ने घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह तीन दिन पहले ही छुट्टी लेकर अपने गांव डीयौडिया अकोस बलदेव आए थे।

परिजनों ने जब सिपाही को फंदे पर लटका देखा तो शोर मचाया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें फंदे से उतारकर तुरंत आगरा के एक निजी अस्पताल ले गए। हालांकि, उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है। वहीं पर जनों का कहना है कि तेजवीर को हार्ट अटैक आया था जिसके कारण उसकी मृत्यु हुई है बताया गया कि तेजवीर की शादी 2018 में हुई थी। उनके पीछे पत्नी और छह वर्ष का एक पुत्र है।

वह 2014 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। घटना की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर है। बलदेव थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह के अनुसार, अभी तक परिजनों ने पुलिस को कोई औपचारिक जानकारी नहीं दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर मिर्ची से भरा ट्रक पलटा, दो भाई घायल

**मथुरा** एनएनआई। दिल्ली जा रहा मिर्ची से भरा ट्रक यमुना एक्सप्रेसवे पर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक और उनके भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 107 के पास हुई। घायल दोनों भाई ब्रह्मपुर थाना खड़क के रहने वाले हैं। उनकी पहचान मनोज और प्रमोद (पिताः शिव तिवारी) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही यमुना एक्सप्रेसवे की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी के अनुसार, तेज रफ्तार के कारण ट्रक नियंत्रण खो बैठा और पलट गया। पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल दोनों भाइयों का इलाज जारी है।



# सिंधु नगरी महाकुंभ महोत्सव के लिए हुआ भूमि पूजन

एनएनआई

**आगरा।** बुधवार को राष्ट्र सिंधी महासंघ एवं सेंट्रल सिंधी पंचायत के तत्वावधान में 27वें सिंधु नगरी महाकुंभ महोत्सव का भूमि पूजन पंडित गौरी शंकर महाराज ने संपन्न कराया। अध्यक्ष एडवोकेट महेश सोनी ने बताया कि इस बार आयोजन को महाकुंभ एवं संत हिरदाराम साहब का दरबार सजवाएंगे। महासचिव मनोहर लाल हंस ने बताया कि इस बार विगत वर्षों की भाँति सिंधु रतन घनश्याम दास देवनानी को दिया जाएगा साथ ही पांच सिंधु गौरव भी दिए जाएंगे। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी ने बताया कि इस बार सिंधु नगरी का आयोजन भव्य रूप में किया जाएगा। भूमि पूजन में श्याम भोजवानी, जितेंद्र तृलोकानी, परमानंद आतवानी, नंद लाल आयलानी, गिरधारी लाल करमचंदानी, मेघराज दियालानी, रामचंद्र हसानि, खेम चंद तेजवानी, राजू खेमानी, सुशील नोतनानी,रमेश कल्याणी, जतिन मंगलानी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एसएन मेडिकल कॉलेज में जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न

**पसलियां टूटी थीं, सांसें थम रही थीं पर उम्मीद ज़िंदा थी!**



एनएनआई

**आगरा।** पेशे से मजदूर हाथरस निवासी 42 वर्षीय उमेश दिल्ली में टाइल्स लगाते समय छत से ईंट-पत्थरों पर गिर गए, जिससे उनकी बाईं ओर की सभी 12 पसलियां टूट गईं और ऑक्सीजन का स्तर गिर गया। पहले उन्हें दिल्ली में भर्ती कराया गया, लेकिन संतोषजनक इलाज न मिलने पर एसएन मेडिकल कॉलेज में सीटीवीएस सर्जन डॉ. सुशील सिंघल की देखरेख में लाया गया। उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए तुरंत ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। बाईं ओर की टूटी हुई सभी पसलियों को स्टील प्लेट की मदद से जोड़ा गया। आईसीयू और वार्ड में गहन देखभाल के बाद मरीज को स्वस्थ अवस्था में छुट्टी दे दी गई। इस तरह की जटिल 'रिब्स फिक्सेशन सर्जरी' बड़े-बड़े शहरों में भी बहुत कम देखने को मिलती है।

**जो पैर कटने वाला था, वह अब फिर से चल पड़ा!**

आगरा के 70 वर्षीय रामचरण अपने बाएं पैर में असहनीय दर्द के कारण न तो सो पा रहे थे और न ही चल पा रहे थे।जांच में पता चला कि उनके बाएं पैर की सभी नसें बंद थीं और पैर गैंग्रीन की ओर बढ़ रहा था।पैर को बचाने के लिए सीटीवीएस सर्जन डॉ. सुशील सिंघल की टीम ने तत्काल एक नई कृत्रिम नस लगाकर 'इलियो-पॉप्लिटियल बाईपास' किया। अब उनके पैर में पुनः रक्त संचार हो गया है, जिससे वे चलने में सक्षम हैं और उनका पैर कटने से बच गया।

**बिना चीरे, बिना दर्द और महज 2 घंटे में अस्पताल से छुट्टी!**

फिरोजाबाद के 36 वर्षीय रामबृज जो मिठाई की दुकान चलाते हैं, उनके पैरों की नसें अत्यधिक फूल गई थीं (वेरिकोस वेन)। उनका ऑपरेशन बिना चीरा लगाए लेजर विधि से सफलतापूर्वक किया गया। यह ऑपरेशन बिना बेहोशी के किया गया और मात्र दो घंटे में मरीज को छुट्टी दे दी गई। सफल ऑपरेशन करने वाली टीम में सीटीवीएस सर्जन-डॉ. सुशील सिंघल, डॉ. यशवर्धन, डॉ. सौरभ, डॉ. ललित एनेस्थीसिया टीम के डॉ. अर्चना, डॉ.अतीहर्ष, डॉ. दीपिका , डॉ. रजनी , डॉ. सृष्टि, सर्जरी विभागाध्यक्ष के डॉ. प्रशांत लवानिया का विशेष सहयोग रहा। प्रचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि एसएन मेडिकल कॉलेज में सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा अत्यंत जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा रही है जिससे मरीजों को लाभ हो रहा है ।

# ताज उत्सव में कला संस्कृति के साथ साहित्य का समागम



■ साहित्य शिल्पी, नृत्य गुरु, ताज कला रत्न, शक्ति स्वरूपा सम्मान से सम्मानित हुए साधकर




एनएनआई

**आगरा।** नटरांजलि थियेटर आर्ट्स द्वारा दो दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन अखिल भारतीय कला संस्कृति और साहित्य का महासंगम 'ताज उत्सव' का यूथ हॉस्टल में शुभारंभ नटराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन इंजी. राजकुमार शर्मा, सुनील विकल, डॉ. विनोद कुमार माहेश्वरी, सुनील दीक्षित (विभाग कार्यवाह आरएसएस) बृजेश अग्रवाल (प्रांतीय कोषाध्यक्ष क्रीड़ा भारती), पंकज खंडेलवाल (प्रांत प्रमुख सेवा भारती), रिंकी उपाध्याय, रितु गोयल, ब्रजेश पंडित, गौरव शर्मा ने किया। संस्कृति संवर्धक डॉ. विजय किशोर बंसल ने मार्गदर्शन किया। मंचीय प्रस्तुतियों में सर्वप्रथम ओडिसी नृत्य में सरस्वती वंदना साई सोजाश्ना नायक ने प्रस्तुत की। अंतर्राष्ट्रीय टीवी कलाकार तपस घोष ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य प्रतियोगिताओं के परिणाम जूनियर शास्त्रीय नृत्य प्रथम - सिद्धि त्रिपुरा दास, द्वितीय - साई साध्वी पंडा, तृतीय- सुभेच्छा साहू, सीनियर प्रथम- आर पवित्रा, द्वितीय - शिवम साहू, तृतीय- साई सजेश्ना, सेमी-क्लासिकल नृत्य में प्रथम दीक्षा रातेरिया, अनन्या रविन्द्र गिरडे, द्वितीय निधि रातेरिया एवं सताक्षी सतपथी। राष्ट्रीय गुरु सम्मान से प्रेरणा देवांगन (छत्तीसगढ़), सस्मिता रानी साहू(ओड़ीसा) को सम्मानित किया गया । ताज कला रत्न से शुभेच्छा साहू एवं दीक्षा रातेरिया, अनन्या रविन्द्र गिरड़े को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में मैरी पैट्रिक एवं विनीता सिंह शामिल रहीं । शक्ति स्वरूपा सम्मान से सौम्या कटारा (लेफ्टिनेंट, शाखा-जे.ए.जी. जज एडवोकेट जनरल) को सम्मानित किया । डॉ. सुनीता चौहान (पुत्री स्व.डॉ प्रणवीर चौहान), ठा. मनीषा सिंह (पुत्रवधू स्वर्गीय डॉ लाल बहादुर सिंह चौहान पद्मश्री), राजेन्द्र शर्मा (पुत्र स्वर्गीय डॉ श्रीभगवान शर्मा), संजय गुप्त, आदर्श नंदन गुप्ता, शरद गुप्त (पुत्र स्वर्गीय श्री रोशन लाल गुप्त करुणेश स्वतंत्रता सेनानी) को साहित्य शिल्पी सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर डॉ. सुषमा सिंह, आभा चतुर्वेदी, डॉ. महेश धाकड़, निशि राज, राजकुमार जैन, डॉ. आनंद राय, नितिन जौहरी, आरपी सक्सैना, यतेन्द्र सिसोदिया, एसके बग्गा, अग्रवाल संगठन से पीयूष अग्रवाल, अशोक गर्ग, शैलेश, भाजपा पार्षद गजेंद्र सिंह पिप्पल, आगरा संगठन व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन बंसल, अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के राष्ट्रीय सचिव संजय गोयल, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन डॉ. उमेश शर्मा, मनीष भारद्वाज, संगीता राठौर, वंदना कक्कड़, राजकुमारी पाराशर, ममता पचौरी, सिंधु गुप्ता, अनामिका मिश्रा, सोमा सिंह मौजूद रही। लालाराम तैनगुरिया, राजदीप ग्रोवर, अमित कौरा, अरुन भारद्वाज, सिंधु द्विवेदी, रचना माहौर ने व्यवस्था संभालीं। संयोजन एवं संचालन अलका सिंह शर्मा ने किया।

# छात्रों पर बरसेगी गुरुकृपा, होगा समग्र विकास

**आगरा मंडल में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की हुई शुरूआत**

- आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, इटावा, मैनपुरी और हाथरस के विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

एनएनआई

**आगरा।** खंदारी चौराहा पर बुधवार को गुरुकृपा करियर इंस्टीट्यूट के निदेशक राजेश कुल्हरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। निदेशक राजेश कुल्हरी ने बताया कि वर्ष 2007 में एक छोटे से सपने के साथ शुरू हुई संस्था ने आज एक बड़े परिवार का रूप ले लिया है। हमारा उद्देश्य सिर्फ विद्यार्थियों को परीक्षाओं के लिए तैयार करना नहीं है, बल्कि उनमें संस्कारों की नींव डालकर उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। हम शिक्षा के माध्यम से छात्रों के भीतर आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और करियर में उत्कृष्टता के बीज बोने का कार्य कर रहे हैं। आज गुरुकृपा पर विश्वास जताने वाले 3 लाख से अधिक परिवारों का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। आगरा सेंटर के मेंटर डॉ. प्रद्युमन कुमार ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गुरुकृपा आगरा में एकेडेमिक्स सेशन 2025-26 के लिए 01 अप्रैल से कक्षा 8वीं से 10वीं (इंग्लिश मीडियम), कक्षा 11वीं-12वीं (विज्ञान वर्ग) और 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए नीट यूजी और आईआईटी-जेई की ऑफलाइन बैच शुरू किए जा रहे हैं। इसके साथ ही, प्री-फाउंडेशन प्रोग्राम के अंतर्गत कक्षा 8वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों को ओलंपियाड्स, एनटीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा।



### आगरा सहित कई जिलों को मिलेगा मार्गदर्शन

सीकर, जयपुर, अलवर और जोधपुर में अपनी सफलता की कहानी लिखने के बाद अब गुरुकृपा करियर इंस्टीट्यूट ने आगरा में अपनी पांचवीं शाखा की शुरूआत की है। गुरुकृपा करियर इंस्टीट्यूट से न केवल आगरा बल्कि पूरे आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, इटावा, मैनपुरी और हाथरस के विद्यार्थी लाभान्वित होंगे और अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। यह सेंटर नीट और आईआईटी-जेई की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेगा।

# क्षेत्र बजाजा के शिविर में 23 गुर्दा रोगियों ने लिया परामर्श



**आगरा** (एनएनआई)। श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी ने डॉ. एनएल पटनी डायलिसिस सेंटर, खंदारी आगरा पर बुधवार को गुर्दा हाइपरटेंशन एवं किडनी से संबंधित रोगों का निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर बहुत सफल रहा । 23 मरीजों ने परामर्श लिया। जिसमें 80 वर्ष के एक बुजुर्ग भी शामिल रहे। डॉ. वर्तुल गुप्ता (डी .एम. नेफ्रोलॉजी) ने मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि डायबिटीज, गलत खानपान, तनाव, शारीरिक परिश्रम न करने के कारण किडनी से संबंधित रोग बढ़ रहे है। 50-60 की उम्र के स्वस्थ लोगों को भी साल में एक बार अपनी जांच अवश्य करानी चाहिए। इस मौके पर प्रकल्प प्रभारी अजय गोयल, नंदकिशोर गोयल व डायलिसिस टैक्नीशियन चन्दर का सहयोग रहा। प्रभारी अजय गोयल ने बताया के इस प्रकार का यह 23वां शिविर था। अगली शिविर 23 अप्रैल को लगेगा।

# पुष्पों से महकेगा, रोशनी से जगमगाएगा झूलेलाल भवन



- 30 मार्च को झूलेलाल जयंती, तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

एनएनआई

**आगरा।** महाकाल के साथ पंचभूतों की टोली मस्ती में नृत्य करते हुए आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहेगी इस वर्ष की झूलेलाल जयन्ती में। फूलों की होली खेलते राधा-कृष्ण व बंजरंग बली की सजीव झांकी भी होगी। 30 मार्च को जय झूलेलाल सिंधी पंचायत समिति जयपुर हाउस द्वारा वरुणावतार भगवान झूलेलाल जयंती पर हर वर्ष से कुछ अलग सा नजारा होगा। यह जानकारी जयपुर हाउस स्थित झूलेलाल भवन में आयोजित आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम में आज समिति के संरक्षक शोभाराम पुरसनानी, रमेश बालानी, अध्यक्ष सुरेश सीतलानी, महामंत्री नरेन्द्र पुरसनानी ने दी।

आयोजकों ने बताया कि सतरंगी फूलों व आकर्षक झांकियों से मंदिर को देवलोक की तरह सजाया जाएगा। मंदिर में मातारानी, शिव परिवार व भगवान झूलेलाल को छप्पन भोग लगाए जाएंगे। आतिशबाजी करते हुए हजारों श्रद्धालु पूरे क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। घोड़े की अगुवाई में सर्वप्रथम विध्नविनाशक गणपति, मातारानी की झांकी के अलावा सजीव झांकियों में महाकाल, राधा-कृष्ण व बजरंग बली की झांकी होगी। मीडिया प्रभारी रवि गिदवानी ने बताया कि झूलेलाल भगवान के स्वरूप की झांकी बैंडबाजों संग बग्गी में निकाली जाएगी। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा का शुभारंभ समाज के बुजुर्गों द्वारा पूज्य बहराणा साहब की ज्योति प्रज्वलित कर किया जाएगा। जयपुर हाउस स्थित जय झूलेलाल भवन को फूलों और जगमग रोशनी से सजाया जाएगा। भवन पर आकर्षक झांकियां सजेंगी व श्रद्धालुओं द्वारा कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ठाकुरदास आवतानी, लक्ष्मणदास भावनानी, हारीलाल त्रिलोकानी, टीकमदास धनवानी, कन्हैयालाल चनदानी, जितेन्द्र तुलसानी, प्रकाश थावानी, भरत होतचंदानी, विपिन करीरा, महोनहर मतलानी, धरमराज आसनानी, ओमप्रकाश परियानी, ललतेश विनोदानी, मनोज भाटिया, विनोद सीतलानी, पंकज वाधवानी, हितेश वरयानी, अजय करीरा, विक्रम वाधवानी, अशोक सीतलानी, राजा बालानी, तीर्थ भावनानी, दिनेश भगवानी आदि उपस्थित थे।

# श्याम नाम की लगाई मेहंदी, सांवरे के रंग में रंगी महिलाएं

**अग्रवाल धर्मशाला में मेहंदी उत्सव में महिलाओं ने अपने हाथों को मेहंदी से रचाया**





- आज खाटूश्याम मंदिर में होगा श्याम संकीर्तन

एनएनआई

**आगरा।** श्री श्याम घनी सेवक मंडल की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के लिए श्याम बाबा के नाम का मेहंदी उत्सव आयोजित किया गया। मेहंदी का रंग जब भक्ति के रंग में मिला तो राजा मण्डी स्थित अग्रवाल धर्मशाला का माहौल भक्तिमय हो गया। महिलाएं तेरे रंग में रंगूंगी मेरे सांवरे..., मैं दुल्हन बनूँगी श्याम सुंदर की..... जैसे भजनों पर खुद को नृत्य करने से न रोक सकी। गुरुवार को संस्था के श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव पर आयोजित होने जा रहे कीर्तन के अंतर्गत जीवनी मंडी स्थित खाटूश्याम मंदिर पर भव्य दरबार के साथ अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योति, पुष्प - इत्र वर्षा और छप्पन भोग सजाया जाएगा। रात्रि में संकीर्तन में दिल्ली से आकाश अरोरा और सोनम समता से पहले स्थानीय भजन गायक विकास वर्मा और अनूप गोयल श्याम बाबा को रिझाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्र मोहन गोयल, उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, एडवोकेट नितिन वर्मा, शंभू नाथ चौबे, एडवोकेट नितिन वर्मा, सुनील बाबू वर्मा, राहुल जिंदल, रोहित गोला, गौरव शर्मा, आशीष उपाध्याय, रजत चौहान, सुमन लता वर्मा, गीता सोनी, मधु वर्मा, रामलला, पूनम, अनीता, कविता, मीरा आदि मौजूद रहे।

# 'नेशनल सेंटर फॉर एजिंग' सुविधा आगरा में भी शुरू करने की मांग

**आगरा** (एनएनआई)। हेल्प आगरा संस्था ने एम्स दिल्ली की तर्ज पर आगरा में भी वरिष्ठ नागरिकों के लिए नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग सुविधा की मांग की है। संस्था ने इस संदर्भ में एसएन प्राचार्य व जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजे हैं। संस्था के महामंत्री गौतम सेठ ने पत्र में कहा है कि दिल्ली एम्स में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष ब्लॉक संचालित है। जहां पंजीकरण के बाद मरीज को एमडी डॉक्टरों ने निःशुल्क परामर्श, जांच व दवाएं प्रदान की जाती हैं। विशेष उपचार (जैसे नेत्र जांच, यूरोलॉजी या सर्जरी) की आवश्यकता होने पर मरीजों को संबंधित विभागों में भेजा जाता है। आगरा के सरकारी अस्पतालों में भी वरिष्ठ नागरिकों के लिए इसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें समर्पित, गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। यह पहल नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डरली के तहत की जा सकती है।






## नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**आगरा एनएनआई।** भारतीय जनता पार्टी छावनी परिषद मंडल द्वारा प्रतापपुरा स्थित द रमाना ग्रांड में नवनियुक्त भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया। विशिष्ट अतिथियों के रुप में विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, कैंट बोर्ड के सदस्य राजेश गोयल,महानगर उपाध्यक्ष महेश शर्मा मौजूद,कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष श्रीभगवान गुप्ता, पूर्व पार्षद प्रमोद उपाध्याय, भाजपा नेता गौरव रजावत, केके गोयल,सिन्धु गुप्ता, राजकुमारी सिकरवार ,करुणा निधि गर्ग, मनमोहन कुशवाह मौजूद रहे।

स्वागत से अभिभूत भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि उनके लिए कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरि है। सभी कार्यकर्ता योगी सरकार की आठ साल की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाए। बूथ स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन करें। जिससे जनता को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी मिल सके।

कार्यक्रम की अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष विजय कुमार व संचालन निर्वतमान अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर राजू शाहिद,सुरेन्द्र जैन, सुमित सक्सेना,अंकित कश्यप, सुनील अग्रवाल, अनिल सांयाल,जसपाल सिंह,धर्मेश यादव, विनोद बघेल,निशांत सक्सेना,गिरजाशंकर शर्मा, वीरेन्द्र वाजपेयी,राहुल उपाध्याय, बृजेश कुशवाह,विमल वर्मा, जसपाल सिंह,धर्मेश यादव, निशांत सक्सेना, रविन्द्र भदौरिया, बृजेश कुशवाह, अजय भारती, जगुल किशोर, अंकित बाथम,सुमित चौहान, रेखा गुप्ता, आशा अग्रवाल, रेखा गुप्ता, सपना अग्रवाल, उज्जवला सिंह,अनिता सांयाल, विजय लक्ष्मी, प्रिया गुप्ता, रंजना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गोशाला की नांदों में भूसे की जगह गोबर

### भाकियू ने गोशाला की दुर्दशा का मामला बीडीओ के सामने उठाया

एनएनआई



**बाह।** डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी के निरीक्षण के बाद भी रैपुरा भदौरिया की गोशाला के हालात नहीं बदले हैं। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान ने अपनी टीम के साथ गोशाला की स्थिति को देखा। उन्होंने बीडीओ नीरज तिवारी को बताया कि चारे में भूसे तक का इंतजाम नहीं था। नांदों में भूसे की जगह पर गोबर पड़ा हुआ था। गोशाला में हरा चारा खड़ा था, लेकिन कोई काटने वाला नहीं था। बीमार पड़ी दो गाय छटपटा रहीं थी। उन्होंने गोवंश के लिए चारे पानी का प्रबंध करने के साथ ही साफ सफाई कराने की मांग की। गोशाला पहुंच कर जांच और कार्यवाही की मांग करने वालों में जिला संगठन मंत्री राजीव सिंह भदौरिया, युवा इकाई के जिलाध्यक्ष रामौतार सिंह, सत्यप्रकाश, विजय सिंह जादौन, संजय सिंह आदि रहे। जांच और दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए। इस संबंध में बीडीओ नीरज तिवारी ने बताया कि गोशाला का संचालन एनजीओ द्वारा किया जा रहा है। शिकायत मिली है, जांच कराई जाएगी। उचित प्रबंध के निर्देश एनजीओ को दिए जाएंगे। वहीं बीमार गायों को लेकर पूछे जाने पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शिवांगी उदैनिया ने बताया कि रैपुरा भदौरिया की गोशाला में 130 गोवंश हैं। 2 बीमार गोवंश का इलाज किया जा रहा है।

## एआईओसीडी को स्वास्थ्य मंत्रालय में शामिल करने की मांग

एनएनआई

**आगरा।** ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने स्वास्थ मंत्रालय से संगठन को डीटीएबी समिति में शामिल करने की माँग की। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स ने 12-03-2025 के एस.ओ. 1159(ई) के तहत ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (डीटीएबी ) के पुनर्गठन पर, जिसमें कि एआईओसीडी संगठन को प्रतिनिधित्व से बाहर रखा गया है इस पर गहरी निराशा व्यक्त की है।

एआईओसीडी के अध्यक्ष जे एस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि, संगठन पूरे भारत में लगभग 12 लाख 40 हजार केमिस्ट और ड्रगिस्ट को प्रतिनिधित्व करता है, देश में दवाओं के सुचारू वितरण और पहुंच को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संगठन ने लगातार महत्वपूर्ण दवा व्यापार से संबंधित मुद्दों पर सरकार को इस संबंध में मूल्यवान सुझाव, सिफारिशें और नीति गत सुझाव भी दिए हैं क्योंकि यह देश के दवा विक्रताओं के हितों का एकमात्र संगठन है। देश की दवा आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख हितधारक होने के बावजूद, एआईओसीडी का डीटीएबी की समिति से बाहर होना एक गंभीर चिंता का विषय है।

हमारे प्रतिनिधित्व की कमी का मतलब है कि खुदरा और थोक फार्मासिस्टों की चैन जो कि कंपनी से मरीज तक दवा वितरण की रीढ़ हैं, को नीति निर्माण समिति में न रखकर बाहर रखा जा रहा है। एआईओसीडी ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने और डीटीएबी में एआईओसीडी को उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। पारदर्शिता बनाए रखने, लाखों केमिस्टों के हितों की रक्षा करने और भारत के फार्मास्युटिकल वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए यह संगठन का समावेशन आवश्यक है। एआईओसीडी संगठन को उम्मीद है कि सरकार जल्द से जल्द इस चिंता का समाधान करेगी, यह सुनिश्चित करने के लिए कि इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाली नीतियों में संगठन की पूर्ण भागीदारी होनी चाहिए।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ वकीलों का धरना प्रदर्शन, संघर्ष समिति गठित

**बाह एनएनआई।** 7 सूत्रीय मांगों के लिए शुरू हुआ वकीलों का धरना बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आम आदमी के हक की लड़ाई के लिए संघर्ष समिति का गठन किया गया है। जिसमें अवधनरायन शर्मा संरक्षक, चंद्रेश यादव अध्यक्ष, गिरजेश भदौरिया, श्याम उपाध्याय उपाध्यक्ष, अमित शर्मा, वीरेश तिवारी सचिव, रवीकांत उपाध्याय कोषाध्यक्ष चुने गये। संघर्ष समिति ने खतौनी में अंश निर्धारण में गलतियों के लिए किसानों के शोषण और उत्पीड़न किए जाने, खतौनी संसोधन न किए जाने, बिना किसी कारण के वारिसी निरस्त किए जाने, दाखिल खारिज की पत्रावलियां गायब होने, कोर्ट में बहस के बाद भी समय पर आदेश पारित न होने, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर जारी न होने आदि मामले उठाए हैं। धरना प्रदर्शन में आनंद प्रकाश पचौरी, राजकुमार भदौरिया, रामगोपाल पचौरी, राजकिशोर शर्मा, राजेश यादव, सर्वेश राठौड, अनिल प्रकाश शर्मा आदि रहे।

## बटेश्वर में घूरा डालने पर विवाद, एफआईआर में 6 नामजद

**बाह एनएनआई।** बटेश्वर के तलहटी मोहल्ले में 17 मार्च को घूरा डालने को लेकर हुए विवाद में रामअवतार और वीरेश पक्ष में मारपीट हुई थी। मारपीट में रामअवतार और उनकी पत्नी श्याम देवी तथा दूसरे पक्ष के वीरेश घायल हुए थे। बाह पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराया था। सौरभ ने बाह थाने में दर्ज कराई एफआईआर में कहा है कि उसके पिता रामअवतार और मां श्याम देवी के साथ सुरेश के बेटे महेश, अजय और उसकी पत्नी ने कुल्हाड़ी और डंडे से मारपीट की है। दूसरी ओर वीरेश ने दर्ज एफआईआर में कहा है कि गाली गलौज के विरोध पर रामअवतार, अशोक यादव, पवन ने डंडे कुल्हाड़ी से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। एसओ बाह सुरेश चन्द ने बताया कि घायलों का मेडीकल कराया था। क्रास एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# चौसिंगी के युवक की हत्या का आरोपी अहमदाबाद से अरेस्ट



एनएनआई

**बाह।** चौसिंगी गांव के सूरज जादौन की मौत पर 12 मार्च को दर्ज हुए हत्या के मुकदमे में जांच के दौरान प्रकाश में आए करहल मैनपुरी के सूरजपुर गांव (हाल निवासी माधौगंज शिकोहाबाद) के चंदन को बाह पुलिस ने अहमदाबाद के बोडकदेव से मंगलवार को गिरफ्तार किया है। एसओ बाह सुरेश चन्द ने बताया कि बुधवार को उसे जेल भेज दिया। 20 मार्च को खोड़ गांव के आरोपी प्रशांत को रुनकता फरह पुलिया के पास से तथा 21 मार्च को खोड़ गांव के रहने वाले फौजी अजयराज सिंह को बाड़मेर यूनिट के पास से गिरफ्तार किया था। 12 मार्च को चौसिंगी गांव के सूरज जादौन (28) की मौत हुई थी। परिजनों ने घेर कर हत्या किए जाने का आरोप लगा कर 13 मार्च को आगरा इटावा स्टेट हाइवे 5 घंटे जाम किया था। तब पुलिस ने सूरज जादौन की पत्नी नीरू की तहरीर पर खोड़ के अजयराज सिंह, आशीष, प्रशांत तथा नगपुरा के विपिन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

- 12 मार्च को चौसिंगी के सूरज की हत्या किए जाने का दर्ज हुआ था मुकदमा
- दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है पुलिस

उन्होंने पुलिस को बताया था कि पति सूरज सिंह जादौन, अपने साथी भदरौली के रिंकू, कल्यानपुरा के हरीचरन, अर्जुनपुरा के सौरभ, रैपुरा भदौरिया के आकाश सिंह अपनी बाइक से बटेश्वर दर्शन को गये थे। खांद पर खोड़ के अजयराज सिंह, आशीष, प्रशांत तथा नगपुरा के विपिन ने लाठी, डंडा, सरिया, लोहे के पाइप और हॉकी से बुरी तरह से पीटा था। जान बचा कर बाइक से भागे तो बाइक से टक्कर मार दी थी।

जिससे पति की मौत हो गई थी। एसीपी बाह द्रविड़ कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम जांच के दौरान प्रकाश में आया था। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं।

## संपादकीय

# सुलगते सवाल और कठघरे में साख



दिल्ली में हाई कोर्ट के एक जज के यहां नकदी मिलने का मामला उलझता जा रहा है। न तो जज को फंसाने की साजिश थ्योरी की कहानियां बंद हो रही हैं और न बचाने के लिए कथित तौर पर हो रहे उपायों की कहानियां थम रही हैं। कॉलेजियम के जजों ने भी इस पर सवाल उठाया है।उच्च न्यायपालिका में जजो की नियुक्ति और तबादले के कॉलेजियम सिस्टम को लेकर एक बार फिर टकराव की संभावना दिख रही है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज के घर से मिली नकदी के विवाद को आधार बना कर कॉलेजियम सिस्टम को टारगेट किया जाने लगा है।लोग इस बात से नाराज हुए इतनी नकदी मिलने के बाद सजा के तौर पर जज का तबादला इलाहाबाद हाई कोर्ट क्यों किया गया। तभी सुप्रीम कोर्ट को स्पष्टीकरण देना पड़ा की नकदी की बरामदगी और जज के तबादले का आपस में कोई संबंध नहीं है। लेकिन यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है। लोग जजों के नियुक्ति और तबादले के सिस्टम को निशाना बना रहे है।जस्टिस यशवंत वर्मा प्रकरण में कुछ सुलगते सवाल सामने आए हैं। वे हमारी व्यवस्था और प्रशासनिक चरित्र को बेनकाब करते हैं। यह काबिल-ए-तारीफ है कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में कथित मतभेद के बावजूद प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास का वीडियो सार्वजनिक कर दिया, जिसमें वहां मिली नकदी लोगों को नजर आई। इस कदम से सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी और दिल्ली फायर विभाग के स्पष्टीकरण से फैली व्यग्रता पर कुछ विराम लगा है। इन टिप्पणियों को मामले पर परदा डालने की कोशिश के रूप में देखा गया था। यह भी अच्छी बात है कि इस मामले की जांच के लिए तीन हाई कोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों की समिति बिना देर किए बनाई गई है। इसके बाद अब इस अंदेशे को दूर करने की जरूरत है कि समिति की जांच में प्रक्रियागत उलझनों के कारण देर हो सकती है।जस्टिस वर्मा ने पहले कहा था कि पैसे उनके नहीं हैं। उन्होंने साजिश करके फंसाने का आरोप लगाया था। बाद में उन्होंने कहा कि जब फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझा दी गई और उनके घर के लोग वापस लौटे तो उन्हें कोई नोट नहीं दिखाई दिया।अब सवाल है कि जब नोट बंगले के किसी स्टोर रूम में थे तो उनको वहां से किसने हटाया। 14 मार्च की आधी रात को आग बुझाई गई और 15 मार्च को दोपहर में जज साहेब लौटे तो उन्हें नोट नहीं दिखाई दिए।सवाल है कि 12 घंटे के अंदर क्या पूरी छानबीन हो गई थी और नहीं हुई तो नकदी वहां से क्यों हटाई गई? आमतौर पर ऐसी नकदी जब्त होती है तो ईडी की टीम पहुंचती है और नोट की गड्डियों से ईडी लिख कर उनकी फोटो खींचती है लेकिन इस मामले में ईडी नहीं पहुंची और नोट हटा दिए गए। जाहिर है अगर मामले को दबाने का मकसद होता तो न वीडियो बनाई जाती और न वीडियो जारी किया जाता। कोई भी यायमूर्तियों के किसी फैसले या न्यायपालिका की अवमानना नहीं कर रहे हैं, लेकिन वे भी देश के प्रति जवाबदेह हैं। सभी स्थितिजन्य सवालों को उठा रहे हैं। बेहतर होगा कि सर्वोच्च न्यायालय जांच की एक समयसीमा तय करे और उस पर सख्ती से अमल सुनिश्चित कराए। बेशक जस्टिस वर्मा को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाना चाहिए और सभी संबंधित व्यक्तियों से पूरी पूछताछ कर साक्ष्य जुटाया जाना चाहिए।मगर इसे अनावश्यक देर का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए। इस घटना से न्यायपालिका में लोगों के भरोसे पर नए सिरे से प्रहार हुआ है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, ऐसी सोच रखने वाले लोगों की संख्या पहले ही काफी हो चुकी है। उसके अलावा वर्तमान सत्ताधारी पार्टी के हितों से जुड़े मसलों पर न्यायपालिका के रुख ने भी समाज के एक बड़े हिस्से में उद्विग्नता पैदा कर रखी है। रिटायरमेंट के तुरंत बाद जजों के लाभ का पद स्वीकार करने की बढ़ी प्रवृत्ति से पद पर रहते हुए उनके दिए न्यायिक फैसलों के पीछे के प्रेरक कारणों पर अटकलों का बाजार गर्म कर रखा है।इस पृष्ठभूमि में न्यायपालिका में कथित रिश्वतखोरी का संदेह अगर और गहरा हुआ, तो उसका कितना हानिकारक असर इस संस्था की विश्वसनीयता पर पड़ेगा, इसकी चिंता तमाम लोगों को करनी चाहिए।यह दोहराने की जरूरत है कि अक्सर सच से भी ज्यादा संदेह का साया साख के लिए हानिकारक होता है।

### योगी सरकार के आठ साल: आगरा को दी 128 योजनाओं की सौगात

# मुगलों से नहीं ब्रज से है यहां की पहचान: सीएम योगी



एनएनआई

**आगरा।** जीआईसी मैदान में आए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने 635 करोड़ की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीआईसी मैदान पर अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने के मौके पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जीआईसी मैदान पर उन्होंने 635 करोड़ रुपये की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने यहां मौजूद लाभार्थियों और लोगों से कहा आगरा की पहचान मुगलों से नहीं है, आगरा की पहचान छत्रपति शिवाजी, राधारानी, बांके बिहारी और ब्रजभूमि से है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार विरासत सजाने के साथ विकास भी कर रही है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, नैमिषारण्य बटेश्वर इसके उदाहरण हैं। सीएम ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार दे रही है। 8.50 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। हाल में ही पुलिस भर्ती में 60 हजार युवाओं को नौकरी दी गई है। इनमें 12 हजार बेटियां हैं।

सीएम ने कहा कि पहले की सरकार में गुंडे माफिया और दंगाई हावी थे। लेकिन हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की जगह वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को चेक और टूलकिट भी प्रदान की। प्रदर्शनी में उन्होंने लोगों से मुलाकात करके उन्हें प्रोत्साहन दिया। जीआईसी मैदान से वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

### सीएम योगी की संतों से अपील

## मोबाइल का उपयोग कर दें कम; इस पर जो दिखता है, वो जरूरी नहीं सच हो



एनएनआई

**आगरा।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आगरा में दिवंगत संत योगी सिद्धनाथ जी के शंखढाल एवं भंडारा कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने राजा की मंडी स्थित प्राचीन दरिया नाथ मंदिर में पूजा- अर्चना भी की। सीएम योगी ने यहां संतों की धर्म सभा को संबोधित भी किया। सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ के बाद संतों का सबसे बड़ा जमावड़ा आज ब्रज की भूमि पर हो रहा है। महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता सभी ने देखी। यह संतों का आशीर्वाद था, उनका संकल्प था।

सीएम ने कहा कि देश और दुनिया ने देखा कि 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक लोग प्रयागराज पहुंचे थे। यह सनातन धर्म की ताकत है। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि सनातन धर्म/ नाथ संप्रदाय का एक म्यूजियम बनाया जाए। सीएम योगी आदित्यनाथ नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पूरे देश से आए 1000 से अधिक साधु- संत मौजूद रहे। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद राम मंदिर का बनना संभव हुआ है, तो देश के अन्य जगहों पर भी संभावना बनी हैं। अयोध्या में राम मंदिर का बनना और महाकुंभ का आयोजन, दोनों संतों के संकल्प से पूरा हुआ। पहले माना जाता था कि महाकुंभ का आयोजन केवल संतों का है। लेकिन, संतों ने पूरे भाव के साथ समाज को जोड़ने का काम किया तो देखते ही देखते 66 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का आंकड़ा पार कर गया। इनमें साधु- संत करीब 50 लाख थे।

सीएम योगी ने कहा कि सनातन का दौर अब दुनिया के अंदर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि संतों की साधना की सिद्धि है। उनके संकल्पों का मूर्तरूप है। महाकुंभ के अवसर पर पूरे देश और दुनिया ने देखा है। 45 दिनों में 66 करोड़ों से अधिक संत और श्रद्धालुजन प्रयागराज आए। इतना बड़ा समागम दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ। ये ताकत सिर्फ सनातन धर्म में ही है। उसी सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए। भारत की संयुक्त परंपरा के प्रमुख पंत के रूप में नाथपंती का महत्वपूर्ण स्थान है।

## सीएम योगी के प्लेन में आई खराबी, दिल्ली से मंगाया दूसरा विमान

**आगरा** एनएनआई। लखनऊ रवाना होने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई। सीएम जीआईसी मैदान पर अपनी सरकार के आठ साल पूरे होने के मौके पर हुई जनसभा के बाद लखनऊ रवाना होने के लिए खेरिया एयरपोर्ट पहुंचे।

सूचना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सभी अधिकारी आनन–फानन एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यमंत्री खेरिया एयरपोर्ट से शाम को लखनऊ रवाना हो गए। विमान खराब होने के चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब डेढ़ घंटे तक आगरा में रुके रहे।



### छह माह के बच्चे को सीएम का आशीर्वाद

**आगरा** एनएनआई। मुख्यमंत्री द्वारा जीआईसी ग्राउंड में छह माह के शिशु को अपने हाथों द्वारा प्रथम बार भोजन कराया गया। शिशु( शिव लहरी) व शिशु की मां (सुनली लहरी) को भेंट भी दी गई। बच्चे के पिता का नाम डेविड लहरी है। सभी उपस्थित बच्चों को मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद दिया व अपना प्यार जताया।

## कार्तिक आर्यन ने श्रीलीला के साथ बाइक चलाई, फिल्म के सेट से लीक हुई तस्वीरें



अभिनेता कार्तिक आर्यन अनुराग बसु की अगली फिल्म में अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो दक्षिण की सनसनी श्रीलीला का बॉलीवुड डेब्यू भी है। दोनों वर्तमान में सिलीगुड़ी में बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, और फिल्म के सेट से कई तस्वीरें अब वायरल हो गई हैं। तस्वीरों में, कार्तिक को अपने रफ लुक के साथ बड़े हुए बालों और दाढ़ी के साथ देखा जा सकता है, जो पिछले कुछ समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तस्वीर में, वह श्रीलीला के पीछे मोटरसाइकिल चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं, और दूसरी तस्वीर में, अभिनेता के हाथ पर घाव देखा जा सकता है। तस्वीरों में अभिनेताओं का एक होटल में स्वागत किया जाता है और वे सेट पर अन्य लोगों के साथ चाय का आनंद लेते हैं। हालांकि फिल्म का शीर्षक अभी घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म एक रोमांटिक म्यूजिकल है। फिल्म का पहला लुक निर्माताओं द्वारा 15 फरवरी को जारी किया गया था, और इसमें कार्तिक एक दिल टूटे गायक की भूमिका में थे, जबकि श्रीलीला ने उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाई थी। इससे पहले, त्रिप्ति डिमरी को फिल्म में कार्तिक के साथ अभिनय करना था, हालांकि, अज्ञात कारणों से उन्हें श्रीलीला से बदल दिया गया। एक कार्यक्रम में पूछे जाने पर, बसु ने सख्ती से कहा था, वह अभी भी मेरी सबसे अच्छी दोस्त है, मैं वास्तव में उसे एक अभिनेत्री के रूप में पसंद करता हूं।



## श्रद्धा कपूर के क्रिप्टिक पोस्ट से मची हलचल

बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के सोशल मीडिया अकाउंट पर हाल ही में दिखाई गई एक रहस्यमय पोस्ट ने उनके फैंस के बीच हलचल मचा दी है। इस पोस्ट में एक अस्पष्ट संदेश और कुछ गूढ़ इमेजेस शामिल थीं, जिससे कई फैंस ने तुरंत सवाल उठा दिया कि क्या उनके अकाउंट को हैक कर लिया गया है या फिर कोई अन्य समस्या आ गई है।

### पोस्ट का रहस्यमय अंदाज

श्रद्धा कपूर के द्वारा शेयर की गई इस पोस्ट में कोई स्पष्ट सूचना नहीं थी, बल्कि कुछ गहरे और संकेतों से भरपूर शब्दों और तस्वीरों का संयोजन था। पोस्ट में दिखाई गई इमेजेस और कैप्शन ने दर्शकों को उलझन में डाल दिया। कुछ फैंस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह तो बिल्कुल अलग सा अंदाज है, पहले ऐसा कुछ नहीं देखा। वहीं, कई अन्य ने सवाल उठाया कि क्या किसी हैकिंग प्रकरण ने उनकी गोपनीयता को प्रभावित कर दिया है।

### फैंस की प्रतिक्रिया और सोशल मीडिया पर चर्चाएं

सोशल मीडिया पर श्रद्धा कपूर के फैंस ने तुरंत ही इस पोस्ट पर प्रतिक्रियाएँ देना शुरू कर दिया। ट्विटर, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ट्रेंडिंग हैशटैग्स के साथ फैंस ने न केवल अपने सवाल साझा किए, बल्कि अपनी चिंता भी जताई। कुछ ने लिखा, क्या किसी ने सुना है कि श्रद्धा कपूर का अकाउंट हैक हो गया है? जबकि अन्य ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह पोस्ट कुछ बहुत ही अजीब लग रही है, लगता है कि कोई गूढ़ संदेश छिपा है। कई फैंस ने अपनी तरफ से स्पष्टीकरण मांगा, ताकि वे जान सकें कि इस पोस्ट का असली मतलब क्या है और क्या उनके प्रिय अभिनेत्री के अकाउंट में कोई सुरक्षा समस्या तो नहीं आ गई है।

### अभिनेत्री से प्रतिक्रिया की अपेक्षा

इस बीच, श्रद्धा कपूर के फैंस इस पोस्ट के बारे में स्पष्टीकरण पाने के लिए उत्सुक हैं। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने उनके अगले पोस्ट या स्टोरी में इस रहस्य को सुलझाने का संकेत देने की उम्मीद जताई है। कुछ ने कहा कि अगर ये हैक हुआ तो तुरंत सूचना दें, नहीं तो हमें समझ नहीं आ रहा कि ये पोस्ट किस मकसद से की गई है। फैंस की इस उत्सुकता ने वायरल हो रही चर्चाओं में तेजी ला दी है और अब इंतजार का माहौल बन गया है कि अभिनेत्री स्वयं इस मामले में कोई स्पष्टीकरण देंगी।

### सुरक्षा विशेषज्ञों की टिपण्णी

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के गूढ़ और अस्पष्ट पोस्ट कभी-कभी एक मार्केटिंग स्ट्रेटेजी के रूप में भी की जाती हैं, ताकि दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया जा सके। वहीं, कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किसी हैकिंग का मामला होता है, तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तुरंत नोटिस जारी कर देते हैं और यूजर्स को सुरक्षा अपडेट्स भी प्रदान करते हैं। वर्तमान स्थिति में, यह स्पष्ट नहीं है कि यह पोस्ट किसी हैकिंग हमले का नतीजा है या फिर यह अभिनेत्री द्वारा अपनी किसी भावनात्मक स्थिति या रचनात्मक प्रयोग का हिस्सा है।



## पर्दे पर फिर एकसाथ नजर आएंगे सामंथा, राम चरण



स्वास्थ्य समस्याओं के कारण थोड़े समय के अंतराल के बाद, सामंथा कई रोमांचक परियोजनाओं के साथ दमदार वापसी कर रही हैं। उनके कई यादगार प्रदर्शनों में से, रंगस्थलम में राम चरण के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री प्रशंसकों की पसंदीदा बनी हुई है। फिल्म में उनकी जोड़ी ने एक स्थायी प्रभाव छोड़ा, और दर्शक उन्हें फिर से साथ देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में, सिडनी में एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान, सामंथा से राम चरण के साथ फिर से काम करने के बारे में पूछा गया। अनुरोध पर मुस्कुराते हुए, उन्होंने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, मैं यह फैसला करूंगी। उनके बयान ने प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी, जो अब संभावित सहयोग के बारे में अटकलें लगा रहे हैं। राम चरण वर्तमान में जान्हवी कपूर की सह-कलाकार और बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित आरसी16 में व्यस्त हैं। इसके बाद, वह ऐसी खबरें हैं कि आरसी17 में मुख्य महिला भूमिका के लिए सामंथा पर विचार किया जा रहा है, जिससे उम्मीदें बढ़ गई हैं कि उनकी शानदार केमिस्ट्री बड़े पर्दे पर वापस आएगी। इस बीच, सामंथा ने निजी प्रोजेक्ट पर ध्यान केंद्रित किया है। कुशी के बाद से, उन्होंने कोई नई तेलुगु फिल्म नहीं ली है, लेकिन एक निर्माता के रूप में सक्रिय रूप से शामिल हैं, मा इंति बंगाराम का समर्थन कर रही हैं। अगर आरसी17 में वह मुख्य भूमिका में होती हैं, तो यह उनके और राम चरण दोनों के करियर में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। प्रशंसक आधिकारिक पुष्टि का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# आईपीएल 2025 : कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से हराया





**गुवाहाटी।** असम में गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के छठे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को आठ विकेट से हराकर सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेल रही केकेआर को अपने पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों सात विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 151/9 का स्कोर खड़ा किया। केकेआर ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत के हीरो रहे क्विंटन डिकॉक ने नाबाद 97 रनों की शानदार पारी खेली और टीम को 2.3 ओवर शेष रहते विजयी लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने 61 गेंदों की अपनी पारी में छह छक्के और आठ चौके लगाए। अंगकृष रघुवंशी ने 17 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 18 रन और मोईन अली ने पांच रन का योगदान दिया। डिकॉक की बेहतरीन पारी की बदौलत कोलकाता ने यह मुकाबला आसानी से अपने नाम कर लिया। राजस्थान रॉयल्स के लिए यह लगातार दूसरी हार रही। टीम को अपने पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 44 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। पहले तीन मैचों में संजू सैमसन की गैरमौजूदगी में रियान पराग राजस्थान टीम की कप्तानी कर रहे हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 151 रन बनाए। ध्रुव जुरेल ने 28 गेंदों में 33 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 24 गेंदों पर 29 रन जोड़े। कप्तान रियान पराग ने भी 15 गेंदों में 25 रन की तेज पारी खेली। केकेआर के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी की। वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती को दो-दो विकेट मिले। वहीं, केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने एक बदलाव किया। सुनील नरेन की तबीयत खराब होने के कारण मोईन अली को टीम में शामिल किया गया। राजस्थान की टीम में भी एक बदलाव हुआ। फजलहक फारूकी की जगह वानिंदु हसारंगा को मौका दिया गया। इस जीत के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2025 में अपना खाता खोला, जबकि राजस्थान को अपनी पहली जीत के लिए अभी इंतजार करना होगा।

## लखनऊ के गेंदबाजों और हैदराबाद के बल्लेबाजों के बीच अग्नि परीक्षा

### हैदराबाद और लखनऊ के बीच महामुकाबला

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में आज सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच महामुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। लीग के इस सातवें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स जीत के साथ टूर्नामेंट में 2 अंकों के साथ खाता खोलना चाहगी। ऋषभ पंत की टीम हैदराबाद अपना पहला मैच दिल्ली से हारकर पहुंच रही है। वहीं, हैदराबाद, जो कि सनराइजर्स हैदराबाद का घरेलू ग्राउंड है, वह टूर्नामेंट में अपना पहला मैच राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत चुकी है। पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों पर जमकर बरसे थे। हैदराबाद की ओर से ईशान किशन ने सेंचुरी जड़कर जता दिया था कि इस बार गेंदबाजों को बख्शा नहीं जाएगा। हैदराबाद के मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत के सामने सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों को शांत रखना भी एक चुनौती की तरह है। क्योंकि, हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड टीम को तेज शुरूआत दे रहे हैं। इसके बाद ईशान किशन और मिडिल ऑर्डर में हेनरिक क्लासेन तेजी से रन बटोर रहे हैं। पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इन खिलाड़ियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने 286 रन बना दिए थे। हैदराबाद की पिच पर गेंदबाजों को रन बचाना भी काफी मुश्किल होता है। यहां पर पिछले साल खेले गए सात मैचों में से छह मैचों में 200 से ज्यादा का स्कोर बना है। बल्लेबाज यहां पर गेंदबाजों पर रहम नहीं दिखाते हैं। हैदराबाद के मैदान पर अपने बल्लेबाजों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद एक मजबूत टीम है। लेकिन, आईपीएल के इतिहास में उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से कड़ा मुकाबला मिला है। आंकड़ों पर गौर करें तो दोनों टीमों के बीच अब तक आईपीएल में 4 मैच खेले गए हैं, जिसमें से लखनऊ की टीम ने तीन बार मैच को अपने नाम किया है, तो वहीं हैदराबाद की टीम सिर्फ एक बार ही जीत हासिल करने में कामयाब हो सकी है।





## गुरुवार, 27 मार्च राशिफल

आज का दिन मेष राशि के लिए व्यस्तता भरा रहेगा। आज आप अपने व्यवसाय में कुछ कुछ नई योजना पर काम शुरू कर सकते हैं जिससे लाभ मिलेगा। व्यस्तता के कारण आप अपने परिवार के सदस्यों के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे। विदेश में रहने वाले परिवार के किसी सदस्य से आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

आज गुरुवार के दिन वृषभ राशि के लोगों को शासन सत्ता की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी में अधिकारियों से भी आपको सहयोग मिलेगा। आज आप अपनी कूटनीतिक चाल और समझदारी से शत्रुओं को परास्त करने में सफल रहेंगे।

आज गुरुवार के दिन मिथुन राशि के लिए दिन शुभ रहेगा। जीवनसाथी से भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आप परिवार के लंबित कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे जिससे आपका मन विचलित होगा और इसका असर आपके कामकाज पर दिखेगा। विद्यार्थियों को आज अपने परिजनों से पूरा सहयोग मिलेगा। आप आज अपनी कला और रचनात्मक क्षमता का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कर्क राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। आप साझेदारी में कोई व्यवसाय चला रहे हैं तो इसमें आपको लाभ मिलेगा। दीर्घकालीन निवेश करना भी आपके लिए आज लाभदायक रहेगा। आज आपके व्यावसायिक विरोधी सक्रिय नजर आएंगे। इसलिए आपको इनसे सतर्क रहना होगा।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन सामान्य रहेगा। आज आप अपने किसी मित्र और करीबी व्यक्ति की सेहत को लेकर चिंतित हो सकते हैं। वैसे आज आपको माता पिता से लाभ और सहयोग मिलेगा। आज आप अपने घर की साज सज्जा और व्यवस्था पर भी धन खर्च करेंगे।

कन्या राशि के लोगों को आज किसी शुभ काम में शामिल होने का मौका मिल सकता है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों को आज कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको लाभ और उन्नति का मौका मिलेगा। विदेश से व्यापार करने वाले लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

तुला राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा लेकिन आपको आज जल्दबाजी में कोई भी निर्णय लेने से बचना होगा। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं उन्हें आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है। यदि परिवार में कोई सदस्य विवाह योग्य है तो आज उनके लिए बेहतर अवसर आ सकता है।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ फलदायी रहेगा। आज आप अपने कामकाज में कुछ नई योजनाओं और तकनीक को लागू कर सकते हैं जिसका आपको फायदा मिलेगा। यदि आपने किसी को पैसा उधार दिया था वह आज आपको वापस मिल सकता है।

धनु राशि के जातकों की रुचि आज गुरुवार के दिन सामाजिक कार्यों में रहेगी। आपकी कार्यकुशलता और समझदारी से आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। आपको आज कोई अच्छी खबर भी मिलने वाली है। शाम को आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं अथवा मौज मनोरंजन का आनंद ले सकते हैं।

मकर राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन मिश्रित रहने वाला है। आप आज किसी पारिवारिक कारणों की वजह से चिंतित रह सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर आपको आज चिंता परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको आज अनुभवी और वरिष्ठ लोगों से सहयोग मिलेगा।

आज का दिन कुंभ राशि के जातकों के लिए लाभप्रद और अनुकूल रहेगा। आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। राजनीति और सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से फायदा होगा। नौकरीपेशा लोगों को आज अपने कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपको आज प्रोत्साहन मिल सकता है।

मीन राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन लाभदायक और सफलतादायक रहेगा। आपके संपर्क का दायरा बढेगा। कारोबार में आपको आज लाभ और उन्नति का मौका मिलेगा। वैवाहिक जीवन में आपका आपसी तालमेल बढेगा। जीवनसाथी से चल रहा मनमुटाव और मतभेद आज दूर हो सकता है।

# ओएमआर नहीं लिखित हो परीक्षा का प्रारूप : अभाविप

### विद्यार्थी परिषद ने सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन

- छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें विश्वविद्यालय

एनएनआई



**आगरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की आगरा विश्वविद्यालय इकाई ने बुधवार को भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में धरना करते हुए प्रति कुलपति को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद ने मांग की परीक्षा का प्रारूप ओएमआर न होकर लिखित हो। विश्वविद्यालय में स्थाई रजिस्ट्रार एवं स्थाई वित्त अधिकारी की नियुक्ति, नए डीडब्ल्यूएस की नियुक्ति, शोध के छात्रों के लिए ऑफलाइन कक्षाएं, सभी विद्यार्थियों के लिए आरटीआई, छलेसर पर फुटओवर ब्रिज का निर्माण के साथ ही अन्य सभी मांगों को प्रति कुलपति के समक्ष रखकर 48 घंटे में कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने की स्थिति में विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेगी।

इकाई अध्यक्ष नितिन दुबे ने कहा कि गत वर्षों से हम विश्वविद्यालय प्रशासन से निरंतर छात्रों को छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं।

इकाई मंत्री गोविंद वार्ष्णेय ने बताया सभी कैंपसों में वाईफाई की सुविधा के साथ आरटीआई को पुनः बहाल किया जाए। विश्विद्यालय प्रशासन निरंतर छात्र विरोधी मानसिकता का शिकार है।

इकाई उपाध्यक्ष दीक्षा चौधरी ने कहा पेयजल, गर्ल्स कॉमन रूम की समस्याएं कोई नई नहीं हैं परंतु विश्विद्यालय प्रशासन इन मुद्दों की अनदेखी करता आया है ।

इस दौरान महानगर संगठन मंत्री गौरव यादव राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनमोहन सिंह, शुभम कश्यप, पुनीत कुमार, सुमित शर्मा, सुब्रत हरदेनिया,आकाश शर्मा, कृष्णकांत, शिवांग खंडेलवाल, उमंग तिवारी, देव कटारा, पीयूष त्रिपाठी, शिवम कोहली, सत्यम कुशवाह, प्रियांशु सिसोदिया सागर चौधरी, रचित, शिवम कोली, ऋषभ मालोनिया, सत्यम, आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओल्ड ईदगाह कॉलोनी जैन मंदिर में गुरुमां का मंगल प्रवेश



**आगरा (एनएनआई)।** गुरुमां आर्यिकाश्री पूर्णमति माताजी ससंघ ने आदि नाथ दिगंबर जैन मंदिर नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी से 26 मार्च को मंगल विहार कर ओल्ड ईदगाह कॉलोनी स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश किया जहां ओल्ड ईदगाह जैन समाज ने शोभायात्रा के साथ गुरुमां संघ का स्वागत किया। साथ ही गुरुमां का पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुमां ससंघ ने मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के दर्शन किए। इसके बाद मंदिर प्रांगण में गुरुमां के मंगल सानिध्य में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाहर से पधारे जैन समाज के लोगों ने गुरुमां के समक्ष श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर रिखब चंद जैन, अतुल जैन अजय जैन, सचिन जैन, राजकुमार जैन, अमित जैन बॉबी, अजित जैन, रविन्द्र जैन, अनिल जैन, आशीष जैन, विकास जैन, शारदा जैन, अलका जैन, रेखा जैन रेणु जैन, दीप्ति जैन, पूनम जैन, समस्त ओल्ड ईदगाह कॉलोनी जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

## मुकेश कुमार जैन अध्यक्ष, सुशील कुमार बने महामंत्री

### अखिल भारतीय पद्मावती पुरवाल पंचायत महासभा के चुनाव संपन्न



**आगरा (एनएनआई)।** अखिल भारतीय पद्मावती पुरवाल पंचायत महासभा का त्रैवार्षिक चुनाव त्रिमूर्ति मंदिर एद्मातपुर पर संपन्न हुआ। जिसमें सभी पदों के लिए निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए। अध्यक्ष, मुकेश कुमार जैन (विभव नगर फिरोजाबाद), महामंत्री सुशील कुमार जैन (लोहामंडी आगरा), कोषाध्यक्ष बसन्त कुमार जैन शाहू टूंडला, ऑडिटर विजय कुमार जैन (विज्जी भाई एटा) , प्रचार एवं प्रसार मंत्रीराजीव कुमार जैन केसरी को चुना गया। इसके अलावा सदस्यों में पांडेय जयंत कुमार जैन, आलोक कुमार जैन दिल्ली, मनोज कुमार जैन अलीगढ़, सर्वेश कुमार जैन एटा, आकाश कुमार जैन (सीए आगरा), अंशुल कुमार जैन (सीए ) फिरोजाबाद शामिल रहे। चुनाव अधिकारी सतीश चंद्र जैन फरीदाबाद, अवनी कुमार जैन आगरा, सुरेंद्र कुमार जैन एटा की देखरेख में कराया गया।

